# Rise Education ®

Hindi Medium

16 Feb 2026

Follow us on



Ashish Namdev
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS

## GK BOOSTER

CAT | MAT | CLAT | SSC

BANK | RAILWAY | VYAPAM | CDS


Save this Number
7415334338
For Daily Current Affairs /PDF Notes/Job Notifications

Address : C-145, Sec 01, Behind City Center Mall, Near Axis Juice, Devendra Nagar, Raipur - 492004

Contact : 7415334338, 9165040534

## 16 फरवरी से संबंधित करेंट अफेयर्स


- भारत 61वीं अंतर्राष्टीय कला प्रदर्शनी ला बिएनाले डी वेनेजिया में भाग लेगा। यह आयोजन इटली के वेनिश शहर में होगा। संस्कृति मंत्रालय ने प्रदर्शनी में भारत की भागीदारी की पुष्टि कर दी हैं। सात वर्षो के अंतराल के बाद भारत का राष्टीय पवेलियन वेनिस बिएनाले में वापसी कर रहा हैं। पवेलियन में दूरी का भूगोल घर की यादे शीर्ष से एक सामूहिक प्रदर्शनी प्रस्तुत की जाएगी। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भारत के राष्टीय पवेलियन की वापसी को गौरवपूर्ण क्षण बताया हैं।
- केंद्रीय बजट 2026-2027 में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए दो परियोजनाएं शुरू की गई हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य दिव्यांगजनों के लिए सहायक प्रौद्योगिकियों ओर कौशल विकास तक पहुंच को बढ़ाना है। दिव्यांगजन कौशल योजना के तहत दिव्यांगजनों को उद्योग संबंधी अनुकूलित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण सूचना प्रौद्योगिकी, एनिमेशन, विजुअ इफेक्ट्स, गेमिंग ओर कॉमिक्स आतिथ्य ओर खाद्य एवं पेय सेवाओं जैसे क्षेत्रो में दिया जाएगा। इसका उददेश्य दिव्यांगजनो को सम्माजनक और स्थायी आजीविका के अवसर प्रदान करना हैं।
- घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए तीन रासायनिक पार्को का प्रस्ताव रखा गया हैं। इस प्रस्ताव का उददेश्य आयात पर निर्भरता कम करना और रसायन एवं पेटरोकेमिकल क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाना हैं। रसायन सहित पांच औद्योगिक क्षेत्रो में कार्बन कैप्चर यूटिलाइजेशन एंड स्टोरेज प्रौद्योगिकियों के लिए प्रावधान किया गया हैं। सीसीयूएस प्रौद्योगिकी को अपनाने में सहायता के लिए पांच वर्षो में 20,000 करोड़ के आवंटन का प्रस्ताव रखा गया हैं। सीसीयूएस को कार्बन डाइऑक्साइड के भंडारण या पुनः उपयोग द्वारा कार्बन उत्सर्जन को कम करने की एक विधि के रूप में वर्णित किया गया हैं।
- केंद्रीय बजट 2026-2027 में सात हाई स्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा की गई हैं। रेलवे क्षेत्र के लिए 2.78 लाख करो रूपये की बजटीय सहायता की घोषणा की गई। बजट में रेलवे के लिए कुल पूंजीगत व्यय 2.93 लाख करोड़ रूपये निर्धारित किया गया। यात्री सेवाओं ओर रेल सुरक्षा के लिए 1.20 लाख करोड़ रूपये आवंटित किए गए। देश के प्रमुख मार्गो पर सात हाईस्पीड रेल कॉरिडोर के विकास की घोषणा की गई। इन कॉरिडोर में मुंबई पुणे, हैदराबाद, हैदराबाद-बेंगलुरू, हैदराबाद चेन्नई, चेन्नई-बेंगलुरू, दिल्ली-वाराणसी ओर वाराणसी सिलीगुड़ी शामिल हैं। इन कॉरिडोर की कुल लंबाई लगभग 4,000 किलोमीटर अनुमानित है।
- महाराष्ट हाई स्पीड रेल परियोजना की दूसरी पर्वतीय सुरंग के सफल निर्माण की घोषणा की। यह उपलब्धि मुंबई और अहमदाबाद को जोड़ने वाले भारत के पहले हाई स्पीड बुलेट टरेन कॉरिडोर के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं। यह सुरंग 454 मीटर लंबी और 14.4 मीटर चौड़ी है, जिसमें उपर और नीचे दोनो और रेल टरैक बिछाए जा सकते हैं। बताया गया है कि दूसरी सुरंग का निर्माण पहली सुरंग के निर्माण के एक महीने के भीतर ही पूरा हो गया, जो इसी वर्ष हुआ था।
- केंद्रीय बजट 2026-2027 में रेलवे के लिए 2 लाख 78 करोड़ रूपये आवंटित किए गए हैं। मंत्री ने बजट के राज्यवार आवंटन का विवरण साझा किया। असम और पूर्वोतर राज्यों को 11486 करोड़ रूपये आवंटित किए गए हैं। पश्चिम बंगाल को 14000 करोड़ रूपये से अधिक आवंटित किए गए हैं। महाराष्ट को लगभग 24000 करोड़ रूपये मिलेंगे। उतर प्रदेश को 20,000 करोड़ रूपये से अधिक और दिल्ली को रेल बजट के तहत 2711 करोड़ रूपये आवंटित किए गए हैं। तमिलनाडु को रेल के लिए अब तक का सबसे बड़ा आवंटन 7611 करोड़ रूपये मिला हैं।
- गुजरात राज्य के करूणा अभियान के तहत पिछले दस वर्षो मे राज्य भर में 1.18 लाख से अधिक पक्षियों को बचाया गया हैं। करूणा अभियान 2017 में शुरू किया गया था। इसके शुरू होने के बाद से 1.29 लाख से अधिक घायल पक्षियों का चिकित्सा उपचार किया जा चुका हैं। कुल मिलाकर 92 प्रतिशत से अधिक की रिकवरी दर हासिल की गई हैं। वन एवं पर्यावरण मंत्री अर्जुन मोढवाडिया ने कहा कि बेहतर समन्वय से बचाव कार्यो में सुधार हुआ हैं। उन्होंने घायल पक्षियो के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधाओं पर भी प्रकाश डाला।
- भारत ने ब्रिक्स सम्मेलन 2026 की रूपरेखा तैयारियां शुरू कर दी है। इसके तहत ब्रिक्स 2026 का आधिकारिक लोगो और समर्पित वेबसाइट लॉन्च की गई है। यह पहली बार है जब वैश्विक स्तर पर संभावनाएं बढ़ रही हैं। ओर यह भारत के जन समूह, समावेशी ओर सहयोगी शैक्षिक स्तर की दृष्टि को दर्शाता है। इसका उद्देश्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग को मजबूत करना और साझा विकास लक्ष्य को आगे बढ़ाना है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने ब्रिक्स सम्मेलन 2026 के लिए आधिकारिक लोगो ओर वेबसाइट का शुभारंभ किया।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व जन्मजात हृदय दोष जागरूकता दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 9 फरवरी (B) 11 फरवरी
(C) 13 फरवरी (D) 14 फरवरी

**(D)** विश्व जन्मजात हृदय दोष जागरूकता दिवस 14 फरवरी को मनाया जाता हैं। इसका उद्देश्य बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाना और रोगियों की संख्या कम करना हैं। जन्मजात हृदय रोग विभिन्न प्रकार के जन्म दोषों के लिए एक व्यापक शब्द है जो हृदय की सामान्य रूप से कार्य करने की क्षमता को खराब कर देता है।




**2. हाल ही में 2026 विंटर ओलंपिक्स की मेजबानी कौनसा देश कर रहा है ?**

(A) फ्रांस (B) इटली
(C) जर्मनी (D) जापान

**(B)** हाल ही में शीतकालीन ओलंपिक 2026 का आयोजन 6 से 22 फरवरी तक किया जा रहा हैं। यह उत्तरी इटली में 22000 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैला हैं। यह अब तक का सबसे व्यापक भौगोलिक दायरे वाला शीतकालीन ओलंपिक है। इसके दो मुख्य केंद्र मिलानो ओर कोर्टिना डी एम्पेजो है, इसके अलावा वाल्टेलिना, वैल डि फिएमे ओर वेरोना तीन उप केंद्र होंगे।

**3. हाल ही में किस राज्य में भूमि स्वामित्व प्रकिया को डिजिटल व तेज करने हेतु ऑटो म्यूटेशन शुरू हुआ है ?**

(A) कर्नाटक (B) ओडिशा
(C) राजस्थान (D) केरल

**(A)** हाल ही में कर्नाटक सरकार ने भूमि लेनदेन में तेजी, पारदर्शिता ओर भ्रष्टाचार को कम करने के लिए स्वचालित संपति म्यूटेशन प्रणाली शुरू की है। यह तकनीक उप पंजीयक कार्यालय में संपति पंजीकरण को सीधे राजस्व रिकॉर्ड से जोड़ती है, जिससे पंजीकरण के तुरंत बाद म्यूटेशन स्वतः हो जाता हैं।



**4. हाल ही में किस बैंक ने लघु एवं मध्याम उद्यमों के लिए बिना गारंटी के रूफटॉप सोलर लोन लॉन्च किया है ?**

(A) ICICI बैंक (B) HDFC बैंक
(C) एक्सिस बैंक (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** हाल ही में एक्सिस बैंक ने लघु एवं मध्यम उद्यमें को छत पर सौर उरजा अपनाने में सहायता देने के लिए बिना गारंटी वाले ऋण शुरू किए हैं। इस कार्यक्रम के तहत MSME 10 लाख रूपये से लेकर 2 करोड़ रूपये तक के बिना गारंटी वाले ऋण प्राप्त कर सकते हैं, जिनकी चुकौती अवधि 4 से 7 वर्ष तक लचीली है।

**5. हाल ही में किस राज्य की पुलिस ने सोशल मीडिया के बढ़ते दुरूपयोग को रोकने के लिए ऑपरेशन शस्त्र नामक अभियान शुरू किया है ?**

(A) दिल्ली (B) गोवा
(C) मध्यप्रदेश (D) ओडिशा

**(A)** दिल्ली पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया का इस्तेमाल तेजी से आपराधिक ताकत दिखाने ओर आम लोगो में मानसिक डर पैदा करने के लिए किया जा रहा हैं। दक्षिणी रेंज के संयुक्म पुलिस आयुक्त एस.के.जैन ने कहा कि ऐसे लोगों पर खास ध्यान दिया जा रहा है। जो ऑनलाइन पोस्ट के जरिए दबदबा बनाने या प्रतिद्वद्वियों को डराने की कोशिश करते है।

**6. हाल ही में किसने IIFCL के प्रबंध निदेशक का पदभार संभाला है ?**

(A) प्रवीण वशिष्ठ (B) रोहित गर्ग

(C) रोहित ऋषि (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** हाल ही में सरकारी स्वामित्व वाली इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड ने घोषणा की कि रोहित ऋषि ने कंपनी के प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण कर लिया हैं। कंपनी का कार्यभार संभालने से पहले उन्होंने बैंक ऑफ महाराष्ट्र में कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्य किया था। आईआईएफसीएल ने एक बयान में कहा कि ऋषि अपने साथ बैंकिंग ओर वितीय सेवा क्षेत्र में तीन दशको से अधिक का अनुभव लेकर आए हैं।



**7. हाल ही में केरल के बाद किस तटीय राज्य ने भारत का दूसरा व्यापक पक्षी एटलस शुरू किया है ?**

(A) गुजरात (B) गोवा

(C) केरल (D) कर्नाटक

**(B)** हाल ही में गोवा राज्य ने गोवा पक्षी एटलस जारी किया, जिससे वह केरल के बाद ऐसा करने वाला भारत का दूसरा राज्य बन गया। यह एटलस एक प्रमुख पक्षी महोत्सव के दौरान लॉन्च किया गया, जो वैज्ञानिक दस्तावेजीकरण, नागरिक भागीदारी ओर वन्यजीव संरक्षण पर गोवा के बढ़ते फोकस को दर्शाता हैं।



**8. हाल ही में देश में पहला पूर्ण बीमाकृत जिला कौन बना है ?**

(A) अलवर (B) सूरत

(C) जयपुर (D) पटना

**(A)** हाल ही में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में अलवर देश का पहला जिला बन गया है, जिसने केंद्र सरकार की 2047 तक सभी के लिए बीमा योजना के तहत 100% बीमा कवरेज हासिल किया हैं। यह उपलब्धि जमीनी स्तर पर सुरक्षित भारत बीमित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं। यह योजना भारत सरकार ओर वित मंत्रालय के अधीन एक वैधानिक निकाय, भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण की संयुक्त पहल है।




**9. हाल ही में भारत ने अग्नि-3 मिसाइल का सफल परीक्षण कहां किया है ?**

(A) राजस्थान (B) महाराष्ट्र

(C) ओडिशा (D) आंध्रप्रदेश

**(C)** हाल ही में भारत ने ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से अग्नि-III मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया हैं। यह परीक्षण एक नियामित प्रशिक्षण अभ्यास के तहत किया गया। रक्षा अधिकारियों के अनुसार मिसाइल ने सभी मिशन उददेश्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया और इसके दौरान महत्वपूर्ण तकनीकी एवं परिचालन मापदंडों की पुष्टि हुई।



**10. हाल ही में भारत की पहली एंटी डरोन प्रणाली का उपयोग करने वाला दक्षिण भारत का पहला बंदरगाह कौन बना है ?**

(A) कोच्चि पोर्ट (B) वी.ओ. चिदंबरनार पोर्ट

(C) विशाखापतनम पोर्ट (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** भारत ने बंदरगाह ओर तटीय सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया हैं। वी.ओ. चिदंबरनार पोर्ट प्राधिकरण देश का पहला ऐसा बंदरगाह बन गया हैं, जहां उन्नत एंटी डरोन प्रणाली तैनात की गई है। डरोन से बढ़ते सुरक्षा खतरो को देखते हुए यह पहल महत्वपूर्ण बंदरगाह अवसंरचना ओर परिचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उददेश्य से की गई है।

